मुख्य अभियंता का कार्यालय
रूपांकण, समग्र योजना एवं जल विज्ञान
(जल संसाधन विभाग) जल भवन,
कमरा सं-203, डोरण्डा, राँची- 834002
E-mail:- cedesign-wrd-jhr@nic.in

पत्रांकः– मु0अ0/रू0स0ज0/04/2025/ 696 /राँची, दिनांक 25.08.25

## अर्द्धवार्षिक व्यवसायिक परीक्षा हेतु आवश्यक सूचना

जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, सरकार के सहायक अभियंता (असैनिक / यॉंत्रिक) एवं इससे ऊपर के पदाधिकारियों के लिए प्रथम अर्द्धवार्षिक व्यवसायिक परीक्षा 2025 का आयोजन दिनांक 11.10.2025 (लिखित) एवं दिनांक 12.10.2025 (मौखिक) को किया जाना है। इस हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र एवं अन्य सूचनायें विभागीय वेबसाइट **https://wrd.jharkhand.gov.in** से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र पूर्णरूपेण भरकर दिनांक 26.09.2025 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में प्राप्त होना अनिवार्य है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

25/8/25

(मो० जमील अख्तर)
मुख्य अभियंता

मुख्य अभियंता का कार्यालय
रूपांकण, समग्र योजना एवं जल विज्ञान
(जल संसाधन विभाग) जल भवन,
कमरा सं-203, डोरण्डा, राँची- 834002
E-mail:- cedesign-wrd-jhr@nic.in

# सूचना

जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार के सहायक अभियंता (असैनिक / यॉंत्रिक) एवं इससे ऊपर के पदाधिकारियों के लिए प्रथम अर्द्धवार्षिक व्यवसायिक परीक्षा 2025 हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पी०डब्लू०डी० कोड की कंडिका–55 में निहित प्रावधानों के अनुसार आवेदन विहित–प्रपत्र में नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से समर्पित किया जाय। आवेदन–पत्र के साथ प्रमण्डलीय लेखापाल का लेखा–प्रशिक्षण प्राप्ति का प्रमाण–पत्र अवधि के साथ संलग्न होना आवश्यक है। किसी भी वांछित प्रमाण–पत्र के अभाव में उनके आवेदन–पत्र को अस्वीकृत कर दिया जायेगा। आवेदन पत्र दिनांक 26.09.2025 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में प्राप्त होना अनिवार्य है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

प्रथम अर्द्धवार्षिक व्यवसायिक परीक्षा 2025 की तिथि, दिनांक 11.10.2025 को लिखित परीक्षा एवं दिनांक 12.10.2025 को मौखिक परीक्षा निर्धारित की गई हैं।

(A) **परीक्षा का कार्यक्रम :–**

1. **लिखित परीक्षा :–** असैनिक एवं यॉंत्रिक अभियंताओं की लिखित परीक्षा दिनांक 11.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होगी जिसकी अवधि तीन घंटों की होगी।

2. **मौखिक परीक्षा :–** असैनिक एवं यॉंत्रिक अभियंताओं की मौखिक परीक्षा मुख्य अभियंता, रूपांकण, समग्र योजना एवं जल विज्ञान, राँची जल भवन, डोरण्डा के कार्यालय भवन में दिनांक 12.10.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 06:00 बजे अपराह्न तक होगी (मध्याह्न विश्रांतिकाल 2.00 अप० से 2.30 अप० तक)।

(B) **परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण दिशानिर्देश :–**

I. झारखण्ड पी०डब्ल्यू०डी० कोड की कंडिका 55 एवं भाग–2 में निहित प्रावधानों एवं अनुदेशों के आलोक में अपने नियंत्री पदाधिकारी यथा कार्यपालक अभियंता / अधीक्षण अभियंता तथा प्रमण्डलीय लेखापाल से क्रमशः **कार्यरत प्रमाण–पत्र** तथा **लेखा प्रमाण–पत्र** समर्पित करना अनिवार्य है।

II. अधूरा एवं गलत भरा हुआ आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र (खण्ड–क और खण्ड– ख) पूर्णरूपेण भरकर दिनांक– 26.09.2025 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय **(मुख्य अभियंता का कार्यालय, रूपांकण, समग्र योजना एवं जल विज्ञान, कमरा संख्या– 203, जल भवन, डोरण्डा, राँची– 834002)** में कार्य अवधि मे प्राप्त होना अनिवार्य है।

III. आवेदन–पत्र के साथ अलग से हाल का खिचाया गया पासपोर्ट आकार के **स्व–अभिप्रमाणित फोटो** (एक प्रति में) के नहीं रहने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा।

IV. अर्द्धवार्षिक व्यवसायिक परीक्षा के यांत्रिक अभियंत्रण में Pump, Gate, Hoisting Equipment, Hydro-Mechanical, Electro-Mechanical से संबंधित प्रश्न तथा असैनिक अभियंत्रण में Underground Pipelines, Lift Irrigation से संबंधित प्रश्न भी पूछे जायेगें।

V. मात्र नियमित सहायक अभियंता ही इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगें।

परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक **09.10.2025** से **10.10.2025** तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। परीक्षार्थियों को परीक्षा के दौरान Instrument Box, पेंसिल, रबर, स्केल आदि अपने साथ स्वयं लाना होगा। परीक्षा कक्ष में मोबाईल, ब्लूटूथ डिवाईस इत्यादि लेकर आना मना है।

**अनु०:– आवेदन प्रपत्र (खण्ड–क एवं खण्ड–ख)**

25/8/25

(मो० जमील अख्तर)
**मुख्य अभियंता–सह–अध्यक्ष,**
**अर्द्धवार्षिक व्यवसायिक परीक्षा आयोजन समिति।**

**खण्ड– क**

प्रथम अर्द्धवार्षिक व्यवसायिक परीक्षा 2025

## आवेदन–प्रपत्र

नियंत्री पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटो चिपकायें।

1. नाम :–
2. पदनाम (असैनिक / यॉंत्रिक) :–
3. आई०डी० कोड / अद्यतन :–
   (वरीयता क्रमांक के संदर्भित अंश की छाया प्रति संलग्न करें)
4. जी०पी०एफ / प्राण सं० :–
5. वर्त्तमान पदस्थापन :–
6. जन्म तिथि :–
7. नियुक्ति की तिथि :–
8. सेवानिवृत्ति की तिथि :–
9. नियुक्ति की अधिसूचना संख्या एवं तिथि :–
10. प्रोन्नति की अधिसूचना संख्या एवं तिथि :–
11. नियुक्ति का श्रोत :–
12. नियंत्री पदाधिकारी की अनुशंसा :–
13. लेखापाल का प्रमाण–पत्र :–
14. गृह जिला :–
15. शैक्षणिक योग्यता :–
16. इसके पूर्व की आयोजित व्यवसायिक परीक्षा में सम्मिलित हुए है अथवा नहीं, यदि हाँ, तो कितनी बार, कृपया इसे अंकित करें :–
17. आवेदन पत्र समर्पित की तिथि / स्थान :–
18. दूरभाष / मोबाईल संख्या एवं ई–मेल आई०डी० :–
19. हस्ताक्षर का नमूना :–

प्रमाणित किया जाता है कि श्री / सुश्री / श्रीमती ........................................................................ द्वारा दी गयी सूचना सही है एवं उनका हस्ताक्षर अभिप्रमाणित किया जाता है।

नियंत्री पदाधिकारी का नाम :–

पदनाम :–

नियंत्री पदाधिकारी का हस्ताक्षर
एवं मुहर

**खण्ड– ख**

प्रथम अर्द्धवार्षिक व्यवसायिक परीक्षा, 2025

## प्रवेश–पत्र

(आवेदक स्वयं भरे)

| नियंत्री पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटो चिपकायें। |
|---|

1. परीक्षार्थी का नामः–
2. पदनाम (असैनिक / यॉंत्रिक) :–
3. आई०डी० कोडः–
4. जी०पी०एफ० / प्रान सं०:–
5. वर्तमान पदस्थापनः–
6. आवेदक का हस्ताक्षरः–
7. आवेदक का हस्ताक्षर तथा फोटो अभिप्रमाणित करने वाले नियंत्री पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं मुहरः–

---

(कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

1. रौल नं०:–
2. परीक्षा कार्यक्रमः–

| तिथि | विषय | परीक्षा केन्द्र का नाम एवं पता | समय |
|---|---|---|---|
| 11.10.2025 (शनिवार) | लिखित परीक्षा | | 11:00 बजे पू० से 2:00 बजे अपराह्न तक। |
| 12.10.2025 (रविवार) | मौखिक परीक्षा | मुख्य अभियंता का कार्यालय रूपांकण, समग्र योजना एवं जल विज्ञान, जल भवन, डोरण्डा, राँची, 834002 | 10:00 बजे पू० से 6:00 बजे अपराह्न तक। |

## अनुदेश

1. परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घंटा पूर्व परीक्षा–भवन में अपना स्थान ग्रहण कर लें।
2. परीक्षा में ग्राफ शीट, पेपर एवं अन्य कागजात उपलब्ध कराया जायेगा। कैल्कूलेटर एवं ड्राईग इन्स्ट्रमेंट आदि परीक्षार्थियों को स्वयं लाना होगा।
3. परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा बाद परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
4. परीक्षार्थी अपनी उत्तर–पुस्तिका परीक्षा–कक्ष में पर्यवेक्षक / निरीक्षक को सौंपे बिना परीक्षा–कक्ष का परित्याग नहीं करेंगे।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा समाप्त होने के पूर्व परीक्षा–कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. परीक्षार्थियों को परीक्षा–कक्ष में पर्यवेक्षक / निरीक्षक के समक्ष उपस्थिति पंजी पर अपना हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा।
7. परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का मोबाईल फोन / ब्लूटूथ डिवाईस लाना वर्जित है।

मुख्य अभियंता–सह–अध्यक्ष,
अर्द्धवार्षिक व्यवसायिक परीक्षा आयोजन समिति।